दिनांक : 29.05.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सिक्किम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में नामची जिले में सात सौ पचास करोड रूपये से अधिक मूल्य का पांच सौ बिस्तरों वाला एक नया जिला अस्पताल शामिल है। प्रधानमंत्री ने राज्य की स्थापना के 50 वर्ष के अवसर पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। श्री मोदी ने कार्यक्रम में को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। मौसम खराब होने के कारण वे गंगतोक नहीं जा पाये। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में भी एक जनसभा को संबोधित किया। आज शाम प्रधानमंत्री बिहार के दौरे पर भी जाएंगे और पटना हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। ।

कृषि विकसित संकल्प अभियान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने आज ओडिशा के पुरी से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा शुरू की गई यह ऐतिहासिक पहल, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर भागीदारी के माध्यम से भारतीय कृषि को बदलने तथा देश के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। 15 दिवसीय अभियान के दौरान श्री चौहान लगभग 20 राज्यों की यात्रा करेंगे। शुभारंभ अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिकों को लैब से लैंड तक लाना है।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भारत के सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खात्मे के लिए देश की दृढ़ प्रतिबद्धता के रूप में अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाएं कर रहे हैं। इस कड़ी में डीएमके सांसद के. कनिमोई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीस में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की। उधर रोम में, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश

मामलों और रक्षा समिति की अध्यक्ष **स्टेफनिया क्रैक्सी** के साथ बैठक की। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में इंडोनेशिया के विचारकों, शिक्षाविदों, विद्वानों और शोधकर्ताओं से मुलाकात की। पनामा में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का कड़ा और दृढ़ रुख स्पष्ट किया।

आयुष - योग दिवस

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली में एक अंतर-आयुक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की रणनीतियों पर चर्चा की गई। यह बैठक कल हुई, जिसमें प्रमुख मंत्रालयों, आयुष संस्थानों और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, ताकि इस वैश्विक स्वास्थ्य उत्सव में व्यापक भागीदारी और प्रभावी प्रचार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सरकार के समग्र दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया ताकि प्रधानमंत्री के हर नागरिक तक योग पहुंचाने के दृष्टिकोण को साकार किया जा सके।

मुख्यमंत्री छतरपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छतरपुर और पन्ना जिले के प्रवास पर है। मुख्यमंत्री छतरपुर जिले के गौरिहार एवं मऊसहानियां में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, साथ ही पन्ना जिले में भी विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

समाचार संक्षेप में....

1. केंद्रीय मंत्री डीडी उइके आज नर्मदापुरम जिले के केसला ब्लॉक के सुखतवा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।
2. कटनी में एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृतिम अंग प्रदान करनें के उद्धेश्य से परीक्षण शिविर का आयोजन सिविल लाईन कटनी स्थित डी.डी.आर.सी परिसर में किया गया ।

3. शिवपुरी जिले के करैरा तहसील के छितरी गांव में कल एक बालिका के बाल विवाह की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर और परिजनों को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवाया।
4. बड़वानी में आज सिन्दूर शौर्य यात्रा, वाहन रैली एवं गोष्ठी का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया जा रहा **है।**
5. दमोह में देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह-टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग ग्राम मारा के पास आज अल सुबह एक सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत हो गई।